कुछ तथ्य: COVID-19 के टीके और गर्भावस्था

COVID-19 के टीकों और गर्भावस्था के बारे में कई गलत जानकारी फैली हुई है। चलिए कुछ ज्ञात तथ्यों के बारे में बात करते हैं!

गर्भावस्था से पहले, गर्भावस्था के दौरान और बाद के समय में COVID-19 के टीके लगवाना सुरक्षित है।

गंभीर COVID-19 बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने के लिए, American College of Obstetricians and Gynecologists (ACOG, अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ ओब्स्टेट्रिशियन एंड गायनेकोलॉजिस्ट) और Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) गर्भावस्था के दौरान टीकाकरण की सिफारिश करता है।

यदि गर्भवती महिलाओं को COVID-19 हो जाता है तो उनमें गंभीर बीमारी और जटिलताओं का खतरा अधिक होता है।

गर्भावस्था के दौरान या बाद में COVID-19 के कारण गंभीर रूप से बीमार होने पर अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है जिसमें वेंटिलेटर की जरूरत होती है। साथ ही, गर्भावस्था के दौरान की जटिलताओं के साथ ही, समय से पहले जन्म देने या मर हुए बच्चे को जन्म देने का खतरा काफी बढ़ सकता है।

ऐसे कोई साक्ष्य नहीं हैं जिनसे यह पता चलता हो कि COVID-19 के टीकों के कारण कोई जन्म दोष, गर्भपात, समय से पहले जन्म, मर हुए बच्चे का जन्म, या कोई और समस्या होती है।

हालांकि, COVID-19 की बीमारी को इन जटिलताओं का कारण माना गया है।

अगर आप स्तनपान कराती हैं तो टीका लगवाना आपके लिए सुरक्षित है।

जब तक आपके बच्चे की उम्र टीकाकरण के योग्य नहीं हो जाती, जो कि 6 महीने है, तब तक माँ का दूध बच्चे में एंटीबॉडी ट्रांसफर करके उसे COVID-19 के संक्रमण से बचाने में मदद कर सकता है।

संसाधन:

गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान COVID-19 के टीके (cdc.gov) | https://www.cdc.gov/covid/vaccines/pregnant-or-breastfeeding.html (केवल अंग्रेज़ी, स्पेनिश, कोरियन, वियतनामी, और चीनी भाषा में)

COVID-19 के टीके और गर्भावस्था: आपको क्या जानना चाहिए | Johns Hopkins Medicine | https://www.hopkinsmedicine.org/health/conditions-and-diseases/coronavirus/the-covid19-vaccine-and-pregnancy-what-you-need-to-know (केवल अंग्रेज़ी में)

Washington State Department of HEALTH

DOH 825-049 December 2024 Hindi

इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या doh.information@doh.wa.gov पर ई-मेल करें।

Vaccinate WA

CovidVaccineWA.org